तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

11 कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आम नागरिकों...



12 तीन दिव्यांग विवाहित जोड़ों को दिया 50-50 रुपए...




## खबर संक्षेप



### धान खरीदी के लिए पहुंचे बारदाने

**मैनपुर।** प्रदेश में 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ किया जाना है। धान खरीदी को लेकर मैनपुर क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में मंगलवार से बारदाना पहुंचाने का कार्य प्रारंभ हो गया है और मैनपुर, शोभा, बम्हनीझोला धान खरीदी केन्द्र में साफ -सफाई के साथ घेराबंदी और बिजली की व्यवस्था किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सभी धान खरीदी केन्द्रो मे किसानों की संख्या को देखते हुए धान खरीदी को लेकर व्यवस्था प्रारंभ कर दिया गया है।

### स्काउट गाइड प्रभारियों की समीक्षा बैठक आज

**फिंगेश्वर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव जिला गरियाबंद में आगमन हो रहा हैं। जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ए के सारस्वत ने बताया की राज्य मुख्य आयुक्त के निर्देशानुसार गरियाबंद जिला के वार्षिक सह समीक्षा बैठक दिनांक 23 अक्टूबर को समय 01 बजे, स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका हायर सेकेंड्री स्कूल पाण्डुका के पीछे में राज्य मुख्य आयुक्त के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई हैं। उक्त बैठक के लिए जिला गरियाबंद के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के स्काउट गाइड प्रभारी पूर्ण स्काउट गाइड यूनिफॉर्म में, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला सचिव, समस्त विकासखंड सचिव सम्मलित होंगे। बैठक के माध्यम से गरियाबंद जिला में स्काउटिंग एवं गाइडिंग गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर संचालन, दल गठन, जिला एवं राज्य स्तर के गतिविधियों में सहभागिता पर विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरनलाल साहू ने दी है।

### जिला स्तरीय खो खो चयन स्पर्धा 26 को

**फिंगेश्वर।** 10वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक–बालिका खो खो प्रतियोगिता लाटमेटा (नवाटोला) जिला–राजनांदगांव में दिनांक 5 से 7 नवंबर तक आयोजित किया गया है। जिसमें गरियाबंद जिले के खो खो संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय खो खो टीम का चयन दिनांक 26 अक्टूबर दिन शनिवार को 1 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव में आयोजित है। गरियाबंद जिले के वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक एवं खो खो कोच बुधलाल नेगी ने बताया कि खिलाड़ियों की आयु 21 नवंबर 2024 की स्थिति में 18 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए और खिलाड़ियों को चयन प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आधार कार्ड की मूलप्रति, जन्म प्रमाण पत्र और पूर्व में अध्ययनरत विद्यालय प्रगति पत्र लाना अनिवार्य है। बैठक में जिला खो खो संघ के अध्यक्ष जागेश्वर ध्रुव, सचिव चंद्रहास साहू, सह सचिव भूपेंद्र कुमार ध्रुव, कोषाध्यक्ष बुधलाल नेगी, नरेंद्र राव चौहान, डोमेश्वर ध्रुव, गोपकुमार, नकुल साहू एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### हार्वेस्टर पलटने से चालक की मौत

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हार्वेस्टर के पलट जाने से उसके चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जितेंद्र यादव हार्वेस्टर क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8564 को ग्राम आमाचानी थाना मगरलोड जिला धमतरी से जीवन साव को हार्वेस्टर में बिठाकर ग्राम भलेसर थाना कोमाखान क्षेत्र में धान काटने के लिए खुद ही चलाते हुए ला रहा था। शाम करीब 5 बजे टुहलू एवं ग्राम पलसीपानी के बीच जंगल सड़क किनारे हार्वेस्टर के पलट जाने से जितेंद्र यादव हार्वेस्टर में दब गया जिससे उसके मौत हो गई।

# जनपद फिंगेंश्वर के 23 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिला मनरेगा के तहत रोजगार

## विभिन्न व्यक्तिमूलक एवं सामुदायिक परिसम्पत्तियों का कराया गया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जनपद पंचायत फिंगेश्वर क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत जल संरक्षण से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता से कराते हुए 23 हजार 16 ग्रामीण परिवारों को रोजगार मुहैया कराया गया है। इसके साथ ही योजनांतर्गत विभिन्न व्यक्तिमूलक एवं सामुदायिक परिसम्पत्तियों का निर्माण भी कराया गया है। जिसमें जिला प्रशासन के उचित निर्देशन एवं मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों का कुशल नेतृत्व शामिल है। जिसके साथ ही साथ ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा, माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस आयोजन एवं विभिन्न शासकीय गतिविधियों के माध्यम से सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजना से लाभान्वित कराया जा रहा है। शासन द्वारा जनहित से जुडें योजनाओं को जनता तक सुलभता के साथ पहुंचानें में शासकीय भवनों का निर्माण अनिवार्य हो जाता है। इसके लिए अवैध अतिक्रमण को हटाकर निर्माण कार्यों को पूर्ण कर जन समुदाय को लाभ पहुंचाया जा रहा है। ग्राम पंचायत बारूला एवं ग्राम पंचायत जेंजरा के आश्रित ग्राम मुडतराई में निर्मित शासकीय उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य किया गया है। जिसमें अतिक्रमण हटाने एवं कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर जनता को सुविधा पहुंचाने की एक मुहिम चलाई गई है। पूर्व में दोनों ग्रामों में उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु शासकीय भवन नही होने के कारण ▶▶|शेष पेज 10 पर



### नई राशन दुकान से खाद्यान्न वितरण प्रारंभ

जिला पंचायत द्वारा ग्राम बारूला में मनरेगा राशि 10 लाख 7 हजार रूपये एवं डीएमएफ से राशि 2 लाख रुपए अभिसरण, व ग्राम मुड़तराई में मनरेगा राशि 10 लाख 7 हजार रूपये एवं जिला पंचायत विकास निधि से राशि 2 लाख रुपए अभिसरण के माध्यम से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसका कार्य प्रारंभ कराने के लिए लेआऊट दिया गया। लेकिन उक्त कार्य स्थल पर अतिक्रमण होने के कारण कार्य को बंद करना पड़ा, आवश्यक कार्रवाई कर कार्य स्थल को अतिक्रमण मुक्त कर कार्य को प्रारंभ करते हुए तय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करा लिया गया। वर्तमान समय में नये शासकीय भवन उचित मूल्य की दुकान में खाद्यान्न का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे खाद्यान्न सामग्रियों का सुरक्षित रख-रखाव करते हुए ग्रामवासियों को सुविधापूर्वक खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है।

## कार्रवाई : वृक्षों को काटकर कर लगाया था धान व मक्का

# उदंती टाईगर रिजर्व के तौरेंगा जंगल में अतिक्रमण पर चलाया गया बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र तौरेंगा बफर के अंतर्गत गोना बीट के संरक्षित कक्ष क्रमांक 1138 पर 16 अतिक्रमणकारियों ने लगभग 21.48 हेक्टेयर मे फैले सघन वन क्षेत्र के लगभग 8000 बड़े-बड़े हरे-भरे वृक्षों को काट कर एवं सुखा कर अतिक्रमण कर लिया था अतिक्रमणकारियों पर 31 जुलाई 2024 को प्रकरण क्रमांक 165/16 दर्ज किया गया था एवं 31 अगस्त तक और 18 अगस्त को कारण बताओं सूचना पत्र तामिल किया गया था जिसका अतिक्रमणकारियों द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया न ही कोई वन पट्टा पत्र दिखाया गया। जिसके बाद मंगलवार को वन विभाग द्वारा बेदखली कार्यवाही के दौरान सभी अतिक्रमणकारी मौके फरार पाए गए एवं कार्यवाही से पूर्व ही फसल का दोहन कर चूके थे। वन पट्टाधारक मेहत्तर ने बताया उनके द्वारा अशोक नेताम से मिलकर अवैध कटाई कर फसल के मुनाफे को 50-50 प्रतिशत बाटा जाता है। अतिक्रमणकारियों द्वारा वनप्राणी रहनवास क्षेत्र कराट कर मक्का धान लगाने से एक ओर जहां मावन वन प्राणी टकराव की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं दूसरी ओर हाथियों को प्राकृति भेजन के बजाय मक्का धान मिलने से उनकी ▶▶|शेष पेज 10 पर

> ■ कटाई स्थल पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स बनाए गए, 600 पौधों का किया गया रोपण








### अतिक्रमण हटाने उपनिदेशक दल बल के साथ रहे मौजूद

बेदखली के दौरान उदन्ती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन स्वयं वन विभाग विभागीय टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण स्थल मुक्त कराने के लिए मुस्तैदी के साथ डटा रहा। इस दौरान वन विभाग के एसडीओ गोपाल कश्यप, वनपरिक्षेत्र अधिकारी राकेश परिहार एवं महिला वनरक्षक भुनेश्वरी साहू, नारायणी, प्रियंका शर्मा, रजनी शर्मा, छाया ध्रुव, कमेश्वरी ध्रुव, बागेश्वरी साहू, मनीशा नेताम, सुलोचना नाग, खेमीन ध्रुव, रोहणी ध्रुव, भूमिका साहू, सरस्वती साहू, इंदुमती चौहान, टिकेश्वरी साहू, रिंकी जोशी, प्रतिभा मेश्राम एवं गरियाबंद पुलिस बल का अहम योगदान रहा।

# दोस्त के साथ मिलकर की प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मोबाईल में बातचीत करते हुआ प्यार दो माह के भीतर ही प्रेमी ने प्रेमिका को अपने प्रेमजाल में फंसा कर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने लाग। प्रेमिका के द्वारा मना करने पर प्रेमी ने प्रमिका के गला दबाकर हत्या किया और मोटर सायकल के सहारे लाश को लाकर कुंए में डाल दिया। यह सनसनी खेज मामले का खुलासा गरियाबंद जिले पुलिस ने किया है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जानकारी अनुसार दिनांक 17 अक्टूबर को प्रार्थिया सुभेदी ओटी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 18 वर्षीय लड़की कुमारी सुरेखा ओटी जो दिनांक 16 अक्टूबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई है कि सूचक के रिपोर्ट पर गुमइंसान कायम कर गुम इंसान के पतासाजी में लिया गया। गुमशुदा की पतासाजी के लिए पुलिस टीम गठीत कर जांच किया गया। जांच दौरान 18 अक्टूबर को ग्राम बोईरगांव कुवंर सिह के खेत तरफ प्रेम बाई खेत कुंआ घुमने गयी तो कुवंर सिंह के खेत के कुंआ को झांक कर देखी तो एक युवती की शव कुंआ के पानी में तैरता मिला। लाश को कुआं से निकाल कर देखने पर सुरेखा ओटी होना पाया गया। चौकी बिन्द्रानवागढ के द्वारा मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई में लिया गया। जांच दौरान मृतिका के शव का पोस्टमार्डम करवाया गया। प्रकरण में प्रथम दृष्टिया हत्या का पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान संदेही आरोपी बालाराम मलिक पिता जयनन मलिक उम्र 22 साल ग्राम कटिगपानी थाना धरमबांध जिला नुवापाड़ा ओड़िसा एवं धनीराम नेताम पिता दासुराम उम्र 30 साल ग्राम मड़ुवापथरा थाना पीपलछेड़ी गरियाबंद से ▶▶|शेष पेज 10 पर

# यात्रियों से भरी बस पलटी दस घायल, दो का पैर टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में मंगलवार को यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा हादसे में दस लोग घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर है मिली जानकारी के अनुसार महेश बस सर्विस की यात्री बस देवभोग से रायपुर की तरफ जा रही थी कि मैनपुर क्षेत्र के मुड़गेलटप्पा के पास पुल के रेलिंग को तोड़ते हुए यात्री बस गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना में दो यात्रियों के पैर टूट गया और दस लोग घायल हुए। यह घटना सुबह करीब 7 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार देवभोग से रायपुर जा रही सवारी से भरी बस धुर्वगुड़ी और बुड़गेलटप्पा के बीच तेज रफ्तार ट्रक को साइड देते वक्त अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई।




# शिक्षकों का धरना प्रदर्शन कल, निकालेंगे रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश सह संयोजक विनोद सिन्हा ने बताया कि आंदोलन को सफल बनाने छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा की जिले सहित सभी ब्लाकों में बैठक आयोजित किया गया है। जिसमें बताया गया कि अब तक हजारों शिक्षकों ने 24 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश का आवेदन दे दिया है, ज्ञात हो प्रदेश में शिक्षकों के चार बड़े संघ द्वारा एक होकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है। इसके बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 अक्टूबर को प्रदेश के शिक्षक एलबी संवर्ग सामूहिक अवकाश लेकर अपने अपने जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन कर रैली निकाल कर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव सहित सम्बन्धित मंत्री व अधिकारियों के नाम सभी जिले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में शिक्षक मोर्चा के मांगो के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ने कहा कि प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना आवश्यक है। इससे शिक्षकों के वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग पूरी होगी, लंबित मंहगाई भत्ता व देय तिथि से मंहगाई भत्ता की एरियर्स राशि की मांग पर चर्चा की गयी। सभी एल बी संवर्ग के शिक्षकों तक इस बात की जानकारी देने का निर्णय हुआ कि शिक्षक मोर्चा का हड़ताल व ज्ञापन में केवल एल बी संवर्ग के शिक्षकों की मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है, साथ ही महंगाई भत्ता का विषय शिक्षकों के साथ साथ अन्य सभी कर्मचारियों का भी है। 24 अक्टूबर को सभी जिले के शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर अपने अपने मुख्यालय के धरना, प्रदर्शन व रैली में शामिल होकर कलेक्टर को मांगपत्र सौपेंगे।शिक्षक मोर्चा के प्रदेश सह संयोजक यशवंत बघेल, विनोद सिन्हा, विवेक शर्मा, पूरन साहू, जिला संयोजक परमेश्वर निर्मलकर, प्रदीप पाण्डे, कुमेंद्र कश्यप, संतोष साहू, सर्वेश शर्मा, धनंजय वर्मा, जितेंद्र सोनवानी, हुलस साहू, कमलकिशोर ध्रुव, मानिक साहू, केशव सेन, विरेन्द्र साहू, घनश्याम यादव, सुरेश केला, घनश्याम दिवाकर, भुवन यदु, तौहीद आलम, टिकेंद्र यदु, योगेंद्र साहू, नंद ▶▶|शेष पेज 10 पर



## लापरवाही पर गरियाबंद और छुरा बीईओ को कारण बताओ नोटिस

# स्कूली बच्चों के जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले की सभी ग्राम पंचायतों को सहकारी समितियों से जोड़ा जाएगा, ताकि ग्रामीणों को आजीविका से जुड़ी गतिविधियों का अवसर मिल सके। हर गांव को सहकारी समिति से जोड़ने के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और गांवों में स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने मछलीपालन और पशुपालन विभागों के अंतर्गत किसानों के लिए समितियां गठित करने के आदेश दिए। साथ ही सहकारिता विभाग से समन्वय कर सभी गांवों में सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया को तेज़ी से पूर्ण करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के आय, जाति, और मूल निवास प्रमाण पत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने छात्रवृत्ति और अन्य शासकीय सेवाओं के लिए आवश्यक जाति-मूल निवास प्रमाण पत्र को सभी स्कूली बच्चों के लिए अनिवार्य रूप से बनवाने के निर्देश दिए। पूर्व में भी इस कार्य के लिए सर्वे कर छुटे हुए बच्चों का प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए थे। इस कार्य में लापरवाही के कारण ▶▶|शेष पेज 10 पर

> ■ सभी पंचायतों को सहकारी समितियों से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें : कलेक्टर




### धान खरीदी एप्प के संचालन के लिए कर्मियों को प्रशिक्षण दे

कलेक्टर ने पीएम पोषण अभियान के अंतर्गत चल रहे न्योता भोज कार्यक्रम की जानकारी ली और अधिकारियों को स्कूली बच्चों को पोषण आहार प्रदान करने के लिए कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। प्रत्येक विकासखंड के पांच-पांच गांवों में हितग्राहीमूलक योजनाओं को प्राथमिकता से सेचुरेट करने के लिए सर्वे और कैम्प आयोजित करने के निर्देश भी दिए। आगामी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए, उन्होंने धान खरीदी एप्प के संचालन के लिए कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित कर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

### विधायक इंद्र कुमार ने बनाए सक्रिय सदस्य



**अभनपुर।** विधायक इंद्र कुमार साहू ने खोरपा मंडल के पदाधिकारी को भाजपा की सक्रिय सदस्यता प्रदान किया।राष्ट्रीय नेतृत्व के गाइडलाइन, माइक्रो डोनेट एवं सक्रिय सदस्यता की महत्व को पार्टी के पदाधिकारी को बताया। प्रमुख रूप से सक्रिय सदस्य बने लक्ष्य कुमार साहू, राघवेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष पारसमणी साहू, बिहारी साहू, महामंत्री नेहरू लाल साहू, माधो प्रसाद मिरी, अनिल साहू, डॉक्टर लीलाराम साहू, कृष्ण कांत नामदेव, सावित्री पाल, हरिश्चंद्र साहू, छबिराम साहू, बैसाखु राम साहू, नरोत्तम साहू, सही कनेक्ट लोगों ने सक्रिय सदस्यता ग्रहण किया।

हरिभूमि
## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# आईटीएमएस संचालन के लिए 5 माह का मिला एक्सटेंशन, फंड का रोना

## नगर निगम और राज्य सरकार के पास दक्ष सेंटर चलाने फंड नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के चप्पे-चप्पे की गतिविधि पर नजर रखने वाले दक्ष सेंटर को चलाने नगर निगम के पास फंड नहीं है। न ही राज्य सरकार से फंड मिलेगा। ऐसे में अब रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अपने 200 करोड़ के अहम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के संबंध में बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में निर्णय लेगा कि दक्ष संचालन के लिए रीटेंडर किया जाए या नहीं।

हालांकि केंद्र सरकार ने राजधानी के जयस्तंभ चौक स्थित इंटेलिजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को 31 मार्च 2025 तक एक्सटेंशन दिया है, पर साथ में सलाह दी है कि नगर निगम खुद इसके लिए फंड जनरेट करे। दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वर्ष 2015 -16 में 200 करोड़ के आईटीएमएस सेंटर दक्ष का संचालन व संधारण करने 7 वर्षों के लिए लार्सन एंड टूब्रो कंपनी को अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी का कार्काल नवंबर माह में समाप्त होने वाला है। इन 8 सालों में तकनीक में बदलाव के साथ ही साफ्टवेयर को अपग्रेड करने की जरूरत है, लेकिन आईटीएमएस अभी उसी पुरानी तकनीक पर काम कर रहा है। इसे अपग्रेड स्मार्ट सिटी के पास फंड नहीं है। ऐसे में अगले माह से दक्ष के संचालन व संधारण को लेकर दिक्कतें आ सकती हैं। हालांकि केंद्र सरकार से आईटीएमएस प्रोजेक्ट को 5 महीने का एक्सटेंशन दिया गया है, पर इसमें रायपुर स्मार्ट सिटी को इसके संचालन के लिए खुद फंड की व्यवस्था अपने साधनों से करनी होगी।

- केंद्र ने दी सलाह, खुद फंड जनरेट करें, स्मार्ट सिटी के बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में होगा निर्णय




### स्मार्ट सिटी भेज रहा शासन को वित्तीय प्रस्ताव

सूत्रों के मुताबिक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शासन को एक वित्तीय प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेज रहा है, जिसमें यह सुझाव दिया गया है, आईटीएमएस से चालानी कार्रवाई को 3 से 5 फीसदी बढ़ाई जाए। दक्ष की मदद से शहरभर के प्रमुख चौराहों पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरे यातायात उल्लंघन करने वालों से चालान के रूप में मिलने वाली पूरी राशि वर्तमान में वित्त विभाग को चली जाती है। इसके स्थान पर इस राशि में से आईटीएमएस को भी एक निश्चित अनुपात में राशि प्रदान की जाए, जिससे कि इस प्रोजेक्ट का संचालन व संधारण सुगमता पूर्वक किया जा सके।

### हर महीने 50 लाख लोगों का चालान, अमल 10 हजार पर

रायपुर स्मार्ट सिटी की हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई कि हर महीने दक्ष कमांड सेंटर से यातायात नियम तोड़ने वाले 50 लाख लोगों का चालान जनरेट किया जाता है लेकिन इस पर अमल बमुश्किल 10 हजार लोगों पर ही हो पाता है। अगर इस सिस्टम को मजबूत बना दिया जाए, तो आईटीएमएस के संचालन व संधारण में आसानी होगी।

## खबर संक्षेप



### रमन मंदिर वार्ड में गैस कनेक्शन का वितरण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रमन मंदिर वार्ड में 180 महिलाओं को गैस कनेक्शन का वितरण विधायक पुरंदर मिश्रा एवं पार्षद सूर्यकांत राठौड़ द्वारा किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को धुएं से राहत दिलाने के लिए गरीब परिवार की महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने की योजना बनाई है।इससे जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू,मोहन एंटी,गोरेलाल नायक,संजय शर्मा,धनेश साहू,केदार यादव,ललिता यादव,बृजेश रावत,विष्णु नामदेव,शंभू गुप्ता सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी।

### 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन एक राज्य स्तरीय संस्था है। इससे जुड़े 90 हजार से ज्यादा फोर व्हीलर वाहन के चालकों की समस्या सुलझाने के साथ ही ड्राइवर्स के अधिकार और सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इसका हमें अभी तक अच्छा परिणाम मिला है। इस जानकारी के साथ हमने कलेक्टर सहित शासन, प्रशासन से तीन सूत्रीय मांग की है। पत्रकारवार्ता में यह जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सेन, उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम ने बताया कि अहम मांगों में ड्राइवर आयोग का निर्माण, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड बनाने के साथ ही 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग रखी है। इस पर अगर मई 2025 तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जून से सभी ड्राइवर स्टेयरिंग छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूख करेंगे।

### आईटीएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का वृद्धाश्रम भ्रमण




**रायपुर।** स्व. कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैंप में आईटीएम विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एक समूह ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मिलकर उन्हें भोजन कराया और मिठाई बांटी। साथ ही सूखा अनाज भी प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने दीपावली के पूर्व सामाजिक सरोकार के दृष्टिकोण से असहाय निराश्रित बुजुर्गों से मिलकर उन्हें कुछ पल की खुशियां बांटीं। इस अवसर पर अनीश बैनर्जी, डॉ. अमिय जानी, गुंजन सिन्हा, छात्र छात्राओं का समूह, वृद्धाश्रम की वार्डन पारुल चक्रवर्ती, लीला यादव उपस्थित रहे।

### निमोरा में होगा रूद्र महायज्ञ, जल और मिट्टी एकत्र करने में जुटे



**रायपुर।** निमोरा में प्रस्तावित अति रुद्र महायज्ञ की तैयारी के लिए भवानी भवन मूर्ति कला केंद्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार पीलू राम साहू चार धाम भारतवर्ष के 24 तीर्थ, प्रमुख नदियों, महासागरों का जल और मिट्टी एकत्र करने में लगे हुए हैं। वर्तमान में धर्मस्थलों नदियों और महासागरों की मिट्टी और जल एकत्र करने के लिए भारतवर्ष के दक्षिण क्षेत्र में यात्रा कर रामेश्वरम तिरुपति मदुरै और वहां के महासागर की मिट्टी और जल एकत्र करने में लगे हुए हैं। यह इनका अंतिम चरण है, जब पूरे भारतवर्ष के लगभग 300 धर्मस्थलों, चार धाम, 12 ज्योतिर्लिंग, नदियों तथा महासागरों का जल लेने भारत के दक्षिण राज्यों के भ्रमण पर है। श्री साहू ने बताया कि वर्ष 2011 में सतचंडी यज्ञ, वर्ष 2017 मे रुद्र महायज्ञ के बाद से ही उन्होंने वर्ष 2025 में अति रुद्र महायज्ञ करने का संकल्प ले लिया था।

## नियुक्ति नहीं दिए जाने से डीएड, डीएल अभ्यर्थी नाराज

# सीएम हाउस घेरने निकले अभ्यर्थियों को पुलिस ने रोका, शहर से बाहर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अपने हक की मांग करने पहुंची महिला अभ्यर्थी सोमवार को उस समय फफक कर रो पड़ी, जब पुलिस के एक अधिकारी ने सीएम परिसर के सामने से हटाने फटकार लगाई। अभ्यर्थी ने रूंधे हुए गले से कहा कि हम अपने अधिकार की मांग करने आए हैं, पर हमारी बात नहीं सुनी जा रही है।

दरअसल, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति नहीं दिए जाने के विरोध में प्रदेशभर के डीएड-डीएल पास अभ्यर्थी सोमवार को सीएम हाउस घेरने सिविल लाइन पहुंचे। पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोका, इस पर प्रदर्शनकारी परिसर के सामने सड़क पर बैठ गए। अब तक ये अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। रविवार को प्रशासन ने उन्हें धरना स्थल के रिनोवेशन का हवाला देते हुए धरना स्थल खाली कराया। इसके बाद सोमवार सुबह से सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी सिविल लाइन पहुंचकर मुख्यमंत्री से मिलने की मांग करते सीएम परिसर के सामने सड़क पर बैठ गए। पुलिस वालों ने उन्हें वहां से हटने कहा, तो नहीं माने, तो पुलिस ने फटकार लगाई। अभ्यर्थियों का कहना है, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा। 6 माह पहले हाईकोर्ट ने भी उन्हें नियुक्ति देने का फैसला दिया है, लेकिन सरकार नियुक्ति नहीं दे रही।



- परिसर के सामने सड़क पर बैठ गए, पुलिस ने लगाई फटकार, आचार संहिता का दिया हवाला
- नवा रायपुर के तूता धरनास्थल खाली कराने से नाराज अभ्यर्थी

### बस में भरकर ले गई पुलिस, शहर के बाहर छोड़ा

सीएम हाउस परिसर सामने धरना दे रहे आंदोलनकारियों को पुलिस के जवान बस में भरकर वहां से ले गए और शहर से बाहर ले जाकर छोड़ दिया। इसे लेकर डीएड अभ्यर्थियों में नाराजगी देखी गई।

### 2 अक्टूबर से नवा रायपुर के तूता में दे रहे थे धरना

डीएड डिप्लोमा अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश अनुसार जल्द सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति देने की मांग को लेकर 2 अक्टूबर से तूता के धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे। रविवार को उन्हें धरना स्थल से हटाया गया। भुक्तभोगियों का ये भी कहना है, सरकार संविधान और न्यायपालिका के आदेश का पालन नहीं कर रही। इसके विरोध में अब तक उन्होंने धरना स्थल के पास जल सत्याग्रह, न्याय के लिए चाय बेचने से लेकर प्रदेश के सभी संभागों में न्याय यात्रा निकालकर जल्द नियुक्ति की गुहार भी लगाई।

### डाटा एंट्री आपरेटर पहुंचे सीएम हाउस घेरने, ज्ञापन सौंपा

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर 2 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे डाटा एंट्री आपरेटर सोमवार को सीएम हाउस घेरने पहुंचे। मुख्यमंत्री निवास के सामने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। साय सरकार हम भी मोदी का परिवार, विभाग तय कर नियमितीकरण दो जैसे नारे पोस्टर में लिखे हुए थे। पुलिस के अधिकारियों ने सीएम हाउस के सामने धरना प्रदर्शन की मनाही की, पर आपरेटर नहीं माने और नारेबाजी करते रहे। बाद में पुलिस प्रशासन ने उन्हें वहां से हटाया। डाटा एंट्री आपरेटरों का कहना है, 17 साल से 6 सरकारी विभागों का काम वे करते रहे हैं, पर शासन ने अब तक उनका विभाग तय नहीं किया है। उन्हें 7 माह का वेतन अब तक नहीं मिला। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा है, मांग पूरी नहीं होने पर मंगलवार को डाटा एंट्री आपरेटर वित्तमंत्री के बंगले का घेराव करेंगे।

## ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका, सुनवाई 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतों के बाद भी इसकी अनदेखी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राकेश चौबे ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में ध्वनि प्रदूषण मामले पर एक हस्तक्षेप याचिका लगाई है। यह याचिका चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा के बेंच में दायर की गई है, जिसें बेंच ने हस्तक्षेप एप्लिकेशन के रूप में स्वीकार कर लिया है।

श्री चौबे ने बताया कि कि उन्होंने वर्तमान में डीजे और ध्वनि प्रदूषण को लेकर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यावरण विभाग के सचिव और छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल सदस्य सचिव के अलावा जिला कलेक्टर रायपुर को लिखित में शिकायत की थी। इसमें इस बात से अवगत कराया था कि सर्वोच्च न्यायालय और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना हो रही है। इस विषय को लेकर एक याचिका उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस पर अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। पूर्व में एक पिटीशन नागरिक संघर्ष समिति के डॉक्टर राकेश गुप्ता ने भी फाइल की थी। इस याचिका पर उन्होंने हस्तक्षेप याचिका अपने एडवोकेट हिमांशु रस्तोगी के मार्फत से लगायी है और यह भी मांग की है कि दिल्ली की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य में भी शिकायत के लिए एक आनलाइन पोर्टल बनाया जाए, क्योंकि और भी राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाएं हैं, जिसे पिटीशन के मार्फत न्यायालय के सम्मुख रखा है। राकेश चौबे ने कहा है, छत्तीसगढ़ में ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतें राज्य सरकार के पास भी पहुंच रही हैं, मगर कोई ठोस व गंभीर कार्रवाई नहीं होने से ऐसे तत्वों के हौसले बढ़े हुए हैं। आखिरकार न्यायालय जाना पड़ा और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि न्यायालय के हस्तक्षेप से ही ठोस कार्रवाई होगी।

- दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश में भी शिकायत के लिए आनलाइन पोर्टल बनाने की मांग

## राष्ट्रपति की सुरक्षा में आठ डीआईजी, 10 एसपी रैंक के अफसर होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रही हैं। राष्ट्रपति 25 तथा 26 अक्टूबर को रायपुर, भिलाई में दीक्षांत समारोह में शामिल होने के साथ अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर राष्ट्रपति भवन ने पहले से ही मिनट टू मिनट कार्यक्रम राज्य सरकार को भेज दिया है। राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास को देखते हुए डीजीपी अशोक जुनेजा ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। राष्ट्रपति की सुरक्षा की कमान रेंज आईजी अमरेश मिश्रा को सौंपी गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तथा राष्ट्रपति जहां-जहां जाएंगी, वहां अलग-अलग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए दूसरे जिलों के अफसर तथा बल बुलाए घए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में आइजी अमरेश मिश्रा के नेतृत्व में आठ डीआइजी और करीब 10 एसपी रैंक के अफसर तैनात रहेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और डीएसपी रैंक के करीब दो दर्जन से ज्यादा अफसरों की ड्यूटी राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगाई गई है।



### इन अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है

राष्ट्रपति की सुरक्षा में पुलिस महानिरीक्षक रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा, डा. संतोष कुमार सिंह, प्रशांत कुमार अग्रवाल, एसएसपी बालाजी राव सोमावार, अभिषेक मीणा, सुजीत कुमार, डा. अभिषेक पल्लव, प्रशांत ठाकुर, मिलना कुर्रे, अमित तुकाराम कांबले, धर्मेंद्र सिंह तथा सचिंद्र चौबे की ड्यूटी लगाई गई है।

### रिंग रोड पर आवाजाही होगी प्रभावित

ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा के मुताबिक राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास के बाद राष्ट्रपति की आवाजाही रिंग रोड एक से होगी। इस लिहाज से राष्ट्रपति के आवाजाही करने के समय रिंग रोड में भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। राष्ट्रपति किसी कार्यक्रम में शामिल होंगी, उस समय धीरे-धीरे कर भारी वाहनों को छोड़ा जाएगा। राष्ट्रपति के कार्यक्रम समाप्त होने के पूर्व पुनः भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। ट्रैफक अफसर के अनुसार जरूरत के मुताबिक ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा।

### फेडरेशन की हड़ताल फरवरी तक स्थगित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपने आगामी चरण के आंदोलन को फरवरी तक स्थगित कर दिया है। राजधानी में फेडरेशन प्रमुख कमल वर्मा की अगवाई में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बड़ी बैठक आयोजित हुई। इसमें कर्मचारियों के मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। बैठक में रायपुर दक्षिण उपचुनाव और प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए फेडरेशन की हड़ताल फरवरी तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में व्याख्याता नित्यानंद यादव पर हुई कार्रवाई को अनुचित बताया गया। कोरबा के व्याख्याता नित्यानंद ने सोशल मीडिया में डीए को लेकर एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए डीईओ की अनुशंसा पर डीपीआई ने व्याख्याता को सस्पेंड कर दिया था। फेडरेशन की बैठक में नित्यानंद यादव के निलंबन मुद्दे पर बहाली का मांगपत्र सौंपने का फैसला लिया गया है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा और डीपीआई को भी फेडरेशन की नाराजगी से अवगत कराया गया है। प्रांतीय प्रवक्ता जीआर चंद्रा ने `डरेशन के साथ निहारिका बारीक कमेटी के हुई चर्चा को बैठक में विस्तार से अवगत कराया। शासन द्वारा कर्मचारी संगठनों की मान्यता को सरलीकरण करने की मांग की गई।

## राज्य पुलिस सेवा के 11 अफसरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा मुख्यालय अटैच
- नीरज चंद्राकर को एसपी इन्वेस्टिगेसन का प्रभार

राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने 11 एडिसनल एसपी रैंक के पुलिस अफसरों का सोमवार को स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का ताबादला किया गया है, उनमें रायपुर ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा को पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया है। इसके अलावा एएसपी बिलासपुर के पद पर पदस्थ नीरज चंद्राकर का स्थानांतरण स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) पुलिस मुख्यालय किया गया है।
जिन पुलिस अफसरों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें पुलिस मुख्यालय में विशेष आसूचना शाखा एएसपी के पद पर पदस्थ विमल कुमार बैस का स्थानांतरण जांजगीर 11 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जांजगीर किया गया है। इसी तरह से मुख्य मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात एएसपी हरीश राठौर माना स्थित सेनानी वीआईपी सुरक्षा, प्रशांत कतलम का राजनांदगांव उप सेनानी आठवीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल से सेनानी 10 वीं वाहिनी सूरजपुर किया गया है। खैरागढ़ में एएसपी के पद पर पदस्थ नेहा पाण्डेय का स्थानांतरण आठवीं वाहिनी राजनांदगांव किया गया है। नीरज चंद्राकर एएसपी बिलासपुर से एसपी एसआईए पुलिस मुख्यालय, एएसपी कांकेर मनीषा रावटे का स्थानांतरण सेनानी 20 वीं वाहिनी महासमुंद, ओम प्रकाश शर्मा एएसपी ट्रैफिक रायपुर से एसपी विशेष आसूचना शाखा पीएचक्यू, गायत्री सिंह उप सेनानी तीसरी वाहिनी दुर्ग अमलेश्वर से सेनानी सातवीं वाहिनी भिलाई, कमलेश्वर प्रसाद चंदेल एएसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़ से सेनानी 17 वीं वाहिनी कबीरधाम, निवेदिता पाल उप सेनानी चौथी वाहिनी माना से सेनानी छठवीं वाहिनी रायगढ़ तथा सुजीत कुमार का स्थानांतरण सेनानी 10 वीं वाहिनी सूरजपुर से पुलिस मुख्यालय स्थानांतरण किया गया है।

## घर के सामने बैठकर गपशप करने से मना करने पर चला चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आजाद चौक थाना क्षेत्र में घर के सामने बैठकर गमशप करने से मना करने के विवाद पर दो पक्षों में जमकर मारपीट तथा चाकूबाजी हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक एचएमटी चौक हांडीपारा निवासी तुषार पंडित की शिकायत पर पुलिस ने फरहान रजा, सल्लू उर्फ सलमान, अदनान रजा तथा मोहम्मद हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। तुषार ने पुलिस को बताया है कि चारों लड़के उसके घर के सामने बैठकर गपशप करते हैं। घटना दिनांक को तुषार ने लड़कों को घर के सामने बैठकर गपशप करने से मना किया, तो इससे नाराज होकर लड़कों ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर तुषार के साथ विवाद करते हुए मारपीट की। इस दौरान सल्लू तथा फरहान ने अपने पास रखे चाकू से तुषार की जांघ पर वार कर दिया।

### बचाने आए पिता के मुंह पर मुक्का मारा :

तुषार ने पुलिस को बताया है कि बाहर शोरगुल सुन उसके पिता सुनील पंडित उसे बचाने के लिए आए, तो मौके पर उपस्थित मोहम्मद हुसैन ने तुषार के पिता के मुंह पर मुक्का मार दिया। मुंह पर मुक्का मारने की वजह से तुषार के पिता का दांत टूट गया और मुंह से खून निकलने लगा। फरहान की शिकायत पर पुलिस ने तुषार के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया है। मारपीट की घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस बात को देखते हुए मौके पर सीएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी देर रात तक घटना स्थल पर तैनात रहे।

### 27 नवंबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। कुछ जिलों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में 1 सप्ताह की वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक तथा दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख शुक्रवार 8 नवंबर निर्धारित की गई है।

## पेज 9 के शेष...

### जनपद फिगेंश्वर के...

वैकल्पिक व्यवस्था पर अन्य भवन में मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत बीपीएल एवं एपीएल अन्त्योदय परिवारों को चावल प्रदाय किया जा रहा था। जिसके कारण चावल के भण्डारण एवं ग्रामवासियों को चावल लेने में बहुत समस्या हो रही थी जिसके लिए शासकीय भवन अनिवार्य था। इन्ही सभी समस्याओं के कारण ग्रामीणों ने अपनी समस्या ग्राम सभा मे रखा, जिसका प्रस्ताव ग्राम पंचायत द्वारा तैयार कर जनपद कार्यालय को उपलब्ध कराया गया, जिसके बाद उक्त भवन के निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार कर जिला प्रेषित किया गया।

### उदंती टाईगर रिजर्व...

डाईट हैबीट परिवर्तित हो रही है। जिससे वे अबादी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। वन्यप्राणी रहनवास को पुर्नजीवित करने के लिए कटाई स्थल पर रैन वाटर हार्वेटिंग पिट्स बनाए गए एवं 600 पौधों का रोपण किया गया। **इसरो के माध्यम से पता चला अवैध अतिक्रमण-** उदंती सीतानदी के वन परिक्षेत्र तौरेंगा अन्तर्गत गोना नयापारा के 16 व्यक्तियों के द्वारा खेती करने के उद्देश्य से अवैध रूप से वन भूमि में अतिक्रमण किया गया एवं हाथी वन्य प्राणी रहवास क्षेत्र को क्षति पहुंचाई गई। जिसको वन विभाग कार्यालय पत्र के माध्यम से दिनांक 31/8/2024 एवं 18/ 9/2024 तथा 7/10/2024 को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था जिसके तहत वन अतिक्रमणकारियों द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का कोई जवाब नहीं दिया गया और न हीं वन अधिकार मान्यता अधिनियम 2006 एवं नियम 13 अंतर्गत कब्जा संबंधी कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। उक्त अतिक्रमण क्षेत्र का इसरो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र से प्राप्त इमेजरी एवं गूगल अर्थ सैटलाइट वर्ष 2012, 2014, 2020, एवं 2023 से स्पष्ट हुआ कि वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है एवं वृहद पैमाने पर वृक्षों की कटाई की गई है। उक्त वन भूमि को 2005 के बाद ही अतिक्रमण होना पाया गया है। वन अतिक्रमणकारियों के द्वारा उक्त काबिज क्षेत्र का व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।इसके अतिरिक्त वन परिक्षेत्रधिकारी तौरेंगा द्वारा विभाग को यह भी अवगत कराया गया कि उक्त अतिक्रमण कारी/कब्जाधारियों के पास या उनके पिताजी अन्य रिश्तेदारों के नाम से भूमि जमीन अन्य आसपास के गांव में है। इसके बावजूद भी वे सभी अतिक्रमणकारी भूमि के लालच मे वन भूमि को काबिज किये जा रहे है। **कार्रवाई कि गई है-** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि टाईगर रिवर्ज के गोना बीट के कक्ष क्रमांक 1138 में 16 अतिक्रमणकारियों द्वारा 8000 वृक्षो की अवैध कटाई कर धान मक्का की खेती किया जा रहा था और इसरो सेटेलाइट के माध्यम से अवैध कटाई अतिक्रमण का खुलासा हुए। इसके पूर्व वन कर्मियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया गया था तब वनकर्मियों के ऊपर जानलेवा हमला भी किया गया था। आज विधिवत अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। और वहां रेन वाटर हार्वेटिंग पिट्स बनाए गए है एवं 600 पौधों का रोपण भी किया गया है।

### दोस्त के साथ मिलकर...

पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जिन्होने अपने-अपने मेमोरण्डम कथन में बताया कि आरोपी बालाराम मलिक का मृतिका के साथ दो माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिससे मोबाइल से बात–चीत करता था, सुरेखा ओटी बार बार शादी करने की बात करती थी, जिससे परेशान होकर दिनांक 15 अक्टूबर को सुरेखा ओटी को फोन कर बुलाया। रात्रि 9 बजे सुरेखा अपनी सहेली के साथ आने पर बालाराम ने सुरेखा को जंगल में ले गया। जंगल में शारीरिक दुश्कर्म करने लगा। तब मृतिका के द्वारा मना करने पर आरोपी ने छाती को दोनों घुटनों से तथा गाला को दोनों हाथ से दबाकर हत्या कर दी। आरोपीयों द्वारा घटना कारित स्वीकार करने विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक ज्ञानेश्वर गंगवार, सहायक उप निरीक्षक जोहान ध्रुव, सहायक उप निरीक्षक आशोक साहू, सहायक उप निरीक्षक मनीश वर्मा, रामेश्वर महिलांगे, चुडामणि देवता, गंगाधर सिन्हा, कृतेश प्रजापति, परमेश्वर, दुगेश, इंदल,मोती लाल, धनेश्वरी साहू, कंचन की भूमिका सराहनीय रहा।

### शिक्षकों का धरना...

रामटेके सहित मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा है कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति एवं केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने का विषय विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में भी शामिल है। अतः सरकार व शासन से शिक्षकों के पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत मुख्य 5 मांग करते हुए शीघ्र ठोस निर्णय लिए जाने की मांग की गई है।

### स्कूली बच्चों के...

गरियाबंद के बीईओ आरपी दास और छुरा के बीईओ किशुन मतावले को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को प्रमाण पत्र निर्माण के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, सभी एसडीएम और जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। लंबित मामलों के तेजी से निराकरण के निर्देश देते हुए, उन्होंने वन अधिकार पट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों का पात्रता परीक्षण कर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं के मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने पर भी जोर दिया।


## खबर संक्षेप



### सरल कुमार फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित हुए

**नवापारा-राजिम।** शहर के बहुत ही प्रतिभाशाली मेधावी छात्र सरल कुमार शर्मा दिल्ली में फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित हुए। डॉ. शर्मा का फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित होने पर ब्राम्हण समाज के श्यामकिशोर शर्मा, मधुसुदन शर्मा, कैलाश शुक्ला, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, सौरभ शर्मा, अजय तिवारी, अनंत पुराणिक, डॉ. आशीष दीवान, कैलाश तिवारी, शिवकुमार तिवारी, मनहरण शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, हिमांशु दुबे, गुड्डु मिश्रा, युवराज पांडे, अंकित शर्मा, पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, ब्रम्हदत्त शर्मा ने शुभकामना दी। बता दें कि डॉ. सरल सेवानिवृत्त प्राचार्य रामविनोद शर्मा के सुपुत्र है। जिसका प्रारंभिक शिक्षा शासकीय हरिहर उच्चतर माध्यमिक शाला नवापारा में हुआ है। उन्होने ग्रेजुएशन बीपीटी रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से किया तथा पोस्ट ग्रेजुएशन एमपीटी न्यूरोलॉजी गढ़वाल विश्वविद्यालय देहरादून से। उल्लेखनीय है कि डॉ. सरल शर्मा अभी सुपेला भिलाई के बीएमशाह अस्पताल न्यूरोलॉजी फिजियो थेरेपी यूनिट के संचालक है जहां इससे संबंधित रोगों का ईलाज होता है। यह यूनिट फिजियोथेरेपी पुनर्वास न्यूरोलॉजी केंद्र के नाम से जाना जाता है।

### रामकृष्ण ने प्रदेश प्रभारी संपत से की मुलाकात



**मैनपुर।** प्रदेश कांग्रेस के नव नियुक्त सह प्रभारी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संपत कुमार का जिला मुख्यालय प्रथम बार आगमन हुआ। इस दौरान मैनपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में मैनपुर ब्लाक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर पार्टी संगठन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दिया। साथ ही मैनपुर आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, डोमार साहू, तनवीर ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, रामभरोसा नेताम व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरु का किया सम्मान



**राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद से, प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ व भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शरद पारकर ने बुके भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर निषाद समाज रायपुर महानगर के अध्यक्ष बसंत निषाद, कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर विनायक, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पुनारद निषाद, रायपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष नरेश निषाद मौजूद थे।

**चेतावनी :** मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने से प्रदेश संगठन का निर्णय

# सहकारी कर्मचारी 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिगेंश्वर विकास खण्ड अन्तर्गत चरौदा, बेलर, परसदाकला, बोरसी प्राथमिक कृषक साख सहकारी समिति में कार्य करने वाले कर्मचारी हड़ताल की राह पर हैं। ये जिला मुख्यालय गरियाबंद में बीते दो दिन सोमवार व मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर धरना दिए हैं। संतु राम साहू समीति प्रबंधक चरौदा ने कहा की मांग पूरी नहीं होने पर आने वाले 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने वाले है। ऐसे में नवंबर माह से शुरू होने वाले धान खरीदी में असर पड़ेगा। इन कर्मचारियों ने बताया कि सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर द्वारा मांगों को लेकर 18 जून को धरना स्थल तूता नवा रायपुर, जनदर्शन 4 जून को आवेदन दिए थे। इसके बाद भी मांगो पर किसी भी प्रकार से सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। इस कारण प्रदेश संगठन द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन में जाने से सहकारी समितियों में धान खरीदी पंजीयन, धान की प्रारंभिक तैयारी, धान खरीदी साथ ही भारत सरकार के कम्प्यूटराइजेशन कार्य, केआरपी ब्याज, अनुदान पोर्टल, खाद बीज वितरण, राशन वितरण जैसे जनकल्याणकारी कार्य प्रभावित होंगे।

■ पंजीयन, धान खरीदी पर पड़ेगा असर

#### कर्मचारियों को 3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि दें

संघ के सदस्य डेमन साहू पतोरी ने कहा तीन सूत्रीय मांग में एमपी सरकार की तर्ज पर सहकारी समितियों के कर्मचारीयों के लिए प्रत्येक वर्ष 3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि दिया जाए। कर्मचारी सेवानियम 2018 में संशोधन करते हुए पुनरक्षित वेतनमान लागू कर जरूरी कंडिकाओं में परिवर्तन किया जाए। धान खरीदी अनुबंध में परिवर्तन करते हुए धान में सूखत मान्य किया जाए। राशन वितरण पर 5 क्विंटल क्षतिपूर्ति या 5 हजार रुपए दिया जाने की महत्वपूर्ण मांग है। संतु राम साहू समीति प्रबंधक चरौदा, लिपिक हेमन्त साहू चरौदा, नीलकंठ साहू समीति प्रबंधक बेलर, डेमन साहू समीति प्रबंधक, लिपक रेखराम सिन्हा, मिथुन साहू, परसदाकला, नीलकंठ साहू प्रबंधक बेलर लिपिक पुनारद साहू, रेवती रमण साहू बेलर, नेहरू साहू प्रबंधक, लिपिक योगेन्द्र साहू बोरसी, भुपेन्द्र साहू प्रबंधक, जीतेन्द्र लचकेरा सहित समस्त कर्मचारी ने मंगलवार को कहा कि मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपे है।




## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आम नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। जनदर्शन में नागरिकों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए, जिनमें भूमि, जल आपूर्ति, बिजली, सड़क एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 90 लोगों की समस्याओं को तत्परता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम घोटियादादर के कमार परिवार ने पीएम आवास, बिजली, नल जल कनेक्शन प्रदाय करने, ग्राम कोसमबुड़ा के यशवंत ध्रुव ने किसान पुस्तिका प्रदान करने, ग्राम मुरमुरा के हेमलाल यादव ने कृषि भूमि का पट्टा प्रदाय करने, ग्राम फुलझर के दुजराम ध्रुव ने पशु शेड निर्माण एवं कृषि कार्य हेतु सौर ऊर्जा लगाने, ग्राम पंचायत बिन्द्रानवागढ़ के ग्रामीणों ने बिन्द्रानवागढ़ से कारीडोंगरी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण करने आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में आवेदकों ने प्रधानमंत्री आवास, छात्रवृति राशि, पीएम आवास, शिक्षक मांग, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बंदोबस्त त्रुटि, सपेरा लाइसेंस, आदिवासी छात्रावास में शिक्षक मांग, वन अधिकार पट्टा, अतिक्रमण हटाने तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। इस अवसर पर जिला सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय, संयुक्त कलेक्टर सर्व श्री नवीन भगत, राकेश गोलछा, सभी जनपद सीईओ, समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुबह 8 बजे तक छाया रहा कोहरा...



**मुड़ागांव(कोरासी)।** अंचल में मंगलवार की सुबह 3 बजे से 8 बजे तक घनघोर कोहरे छाया रहा। कार्तिक मास में कोहरा और शीतलहर का समय रहता है लेकिन इस वर्ष कोहरा और शीतलहर नजर नहीं आ रहा था और लोगों को ठंड के मौसम में ठंड का अहसास नहीं था लेकिन रात्रि से हल्की ठंड लगा और सुबह घनघोर कोहरे के साथ शीतलहर छाया रहा लोगों को सुबह ठंड का अहसास हुआ। और कोहरे से नजारा आर्कषण का केंद्र रहा।

### चांद को देखकर तोड़ा करवा चौथ का व्रत

**नवापारा-राजिम।** पति की लंबी आयु और सौभाग्यवती की कामना को लेकर सुहागन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। छलनी में चंद्रमा दिखने के बाद ही व्रत को तोड़कर फलाहार किए। बता दें कि इस बार चंद्रमा भी व्रती महिलाओं का एक तरह से परीक्षा ही लिया। रात 10:30 से 11 बजे के बाद ही चंद्रमा का दर्शन हो पाया तब तक सुहागन महिलाएं दिन भर अन्न,जल का त्याग कर आस्था के चलते यह कठिन व्रत रखा। चंद्रमा दिखने के बाद छलनी में पति देव के चेहरे की एक झलक के बाद कलश में रखे जल की करवा माता के रूप में पूजा की। पति के हाथों से पानी पीकर व्रती महिलाओ ने अपना व्रत पूरा किया।



## सीआईएसएफ जवान बरसन का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

विकास खण्ड छुरा से महज 12 किलो मीटर की दूरी पर ग्राम खड़मा निवासी बरसन ध्रुव का सीआईएसएफ के ड्यूटी से प्रथम आगमन हुआ। एक वर्ष की ट्रेनिंग कर गृह ग्राम पहुंचा। जहां पर बाजे गाजे, फटाखे व फूल माला पहनाकर ग्रामीणों ने स्वागत किया। उसके स्वागत में पूरे गांव उमड़ा। सागर ध्रुव अपने पहली ट्रेनिंग बहरोर राजस्थान में एक वर्ष तक की। सागर ध्रुव ने बताया कि भारतीय सेना में चयन होने के पश्चात एक वर्ष का प्रशिक्षण बहरोर राजस्थान में पूर्ण करने के उपरान्त नई पोस्टिंग पर वह ड्यूटी ज्वाइनिंग करने से पहले अपने गृह ग्राम खड़मा पहुंचे। वे रधिया बाई ध्रुव के नाती, शिक्षक जागेश्वर राम राम ध्रुव, विमला ध्रुव के सुपुत्र हैं। ग्राम पंचायत ग्राम विकास समिति युवा समिति खड़ादेव कर्मचारी संघ बड़ादेव सेवा समिति स्वास्थ्य विभाग आयुर्वेद विभाग आदिवासी ध्रुव समाज एवं गणमान्य नागरिक सहित ग्रामवासीयों ने स्वागत किया। स्वागत समारोह कार्यक्रम में जागेश्वर ध्रुव, विमला ध्रुव, मोहनीश ध्रुव, तनसिंह ध्रुव, तेजेश्वरी ध्रुव, पूजा ध्रुव, यश कुमार, कामता, ललिता ध्रुव, रवि साहू, देवकी बाई ध्रुव, प्रकाश साहू, डायमंड ध्रुव सीआईएसएफ जवान, झालेंद्र साहू, केशव ध्रुव, अवध राम साहू, लक्ष्मीदास सोनवानी, रेखचंद साहू, प्रमोद शर्मा, प्रकाश सिंह, सरपंच प्रेमाराम कंवर, उप सरपंच तिलेंद्र साहू, रवि साहू, संदीप चंद्राकर, देवासिंहा, टीकम सिंहा, हेमलाल सिंहा ओंकार, तानसिंग ध्रुव, डायमंड धुव, कुमारी नंदे, हिरमत, हीरा भोसले, मनहरन साहू, संतोष साहू, मोती सोनवानी, प्रेमलाल सिंहा, शीतल ध्रुव टंकेश्वर मरकाम, वेदराम पटेल, रोहित जगत, गजेंद्र, हिमांशु ध्रुव, राहुल साहू, देवनारायण यदु, शंकर यदु पत्रकार संघ की ओर से तेजराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।



## बारूला स्कूल में हुई शिक्षक-पालक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

द्वितीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव ने बैठक के उद्देश्य से अवगत कराते हुए नई शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप सत्र 2024–25 में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चों के प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालको के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से उन्मुखी प्रयास करते हुए बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सवांर्गीण विकास के लिए विद्यालय एवं बालकों के मध्य बेहतर संबंध स्थापित करना है। इस बैठक में आधार आईडी, छात्रों का आधार कार्ड संकलित करने के अलावा विद्यालय के शैक्षणिक स्तर संबंधित विद्यार्थी की तिमाही परीक्षा आकलन परिणाम, बच्चों की अकादमिक स्तर,पाठ्येत्तर उपलब्धियां, शारीरिक मानसिक एवं सवांर्गीण विकास एवं अन्य संपूर्ण गतिविधियों से चर्चा कर सलाह एवं उचित मार्गदर्शन लिया गया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, जितेंद्र साहू, अनुसुइया साहू, केशर साहू, राधिका साहू, रुखमणी, अनिता बांधे, शेखर साहू, प्रधान पाठक लता ध्रुव, शिक्षक हीरामन साहू, मोती ध्रुव, कमलकांत सेन, रितु ध्रुव सहित पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## लुप्त हो रही सुआ नृत्य और गीत की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्रामीण अंचल की पहचान छत्तीसगढ़ी पारंपारिक व सांस्कृतिक सुआ नृत्य गीत धीरे-धीरे विलुप्त के कगार पर है। कार्तिक माह लगते ही घरों में सुआ नर्तक दलों की दस्तक शुरू हो जाती है थी, जो अब बहुत ही विरल दिखाई पड रही है। हालांकि पुरानी परंपरा और सभ्यता के अनुसार बड़ो की जगह बच्चों को सुआ नृत्य के लिए घर - दुकानों में घुमते देखा जा सकता है लेकिन यह पारंपरिक सुआ नृत्य विलुप्त होता जा रहा है। कुछ वर्षों पहले आस-पास के परिक्षेत्रीय ग्रामीण इलाकों में दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल व धूम दिखाई पड़ती थी। लोग भी सुआ नृत्य देखने के लिए उमड़ पड़ते थे। अब के दिनों में यही कहीं एकल जगहों पर दिखाई पड रही है। जिसके जिम्मेदार आज की पीढ़ी है जो अपना ज्यादातर समय मोबाइल व अन्य साधनों पर बिता रही है। इसके चलते इसका व्यापक असर छोटे बच्चों पर भी पड रहा है। एक प्रकार से देखा जाए तो सुआ नृत्य के लिए बच्चों में रूची साल - दर साल कम हो रही है। उल्लेखनीय है कि गांवों में दशहरा के बाद से ही सुआ नर्तक दलों की मौजूदगी नजर आती थी, लोग स्वयं होकर नर्तक दलों को घर के सामने और आंगन में नचाते थे। त्योहार की खुशी जाहिर करने की यह परंपरा है। नर्तक दलों को लोग अपनी क्षमतानुसार रूपए पैसे, अनाज देते थे। बुजुर्ग नोहर ठाकुर, सीता राम यादव, बिहारी यादव, मोहन दास, धनेश ठाकुर आदि का कहना है कि पृथक राज्य बनने के बाद जहां छत्तीसगढ़ी लोक कला संस्कृति को प्रोत्साहन मिलना था, वहां अब अन्य प्रांत के लोक कला, संस्कृति का अधिक महत्व देखा जा रहा है। अब यहां परंपरा बच्चियों तक सीमित देखी जा रही है। अब तो हर तीज त्यौहार औपचारिकता हो गया है।

■ पहले दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल व धूम दिखाई पड़ती थी









## संस्कृति महोत्सव में 6 जिले के 329 बच्चे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में प्रांतस्तरीय संस्कृति महोत्सव के मुख्य अतिथि रूपेंद्र साहू थे। अध्यक्षता रामकुमार गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में राजिम, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा के 101 भैया व 228 बहने शामिल हुए। इस दौरान शिशु, बाल, किशोर, व तरुण वर्ग से विभिन्न विधाओं व्यक्तिगत गीत, निबंध, रंगोली, चित्रकला, गीता पाठ, एकल भजन, प्रश्न मंच, कथा-कथन, तबला वादन, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, एकल अभिनय, मानस प्रथमाक्षरी, स्वरचित कविता, वन्दे मातरम,मूर्तिकला आदि विधाओं में भैया-बहनो द्वारा प्रस्तुति दिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय,स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संचालन समिति के अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, अजय साहू, रामकुमार गोस्वामी, अशोक श्रीवास्तव, छाया शर्मा, शिवकुमार सिंह ठाकुर, जीवन साहू, सुरेन्द्र साहू, कालूराम ध्रुव, प्राचार्य गोविंद चौधरी,प्रधानाचार्य नामदास लहरे शामिल थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नवपदस्थ एसपी से की मुलाकात

**छुरा।** जिले के नवपदस्थ एसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा से सौजन्य मुलाकात कर अपना-अपना परिचय बताया गया। इस मौके पर सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व वर्तमान जनपद सदस्य नीलकंठसिंग ठाकुर, जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकर, ग्राम पंचायत बोड़राबांधा के सरपंच पुनारद ठाकुर, सारागांव सरपंच गोकुल ध्रव, समाजसेवी प्रकाश निर्मलकर, सामाजिक कार्यकर्ता पुनिताराम ठाकुर उपस्थित थे।

### जरगांव स्कूल में रोपे गए नारियल के पौधे



**मुड़ागांव(कोरासी)।** माध्यमिक शाला जरगांव में नारियल का पौधा रोपित किया गया। स्थानीय वरिष्ठ नागरिक मदन लाल ध्रुव के द्वारा अपने मां के नाम एक नारियल का पौधा स्कूल को प्रदान किया। वहीं शाला प्रबंध समिति उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू तथा संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव के द्वारा उक्त पौधा को स्कूल प्रांगण में रोपित किया गया। इसके अलावा अन्य पौधा आम, शहतूत का भी पौधा रोपित किया गया। दीपावली पूर्व स्कूल की पुताई भी कराया जा रहा है।

### परदेशी बने कलार समाज के प्रमुख



**छुईहा बेलर।** कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर अन्तर्गत ग्राम कलार समाज छुईहा की आवश्यक बैठक सोमवार को समाजिक भवन छुईहा में रखा गया। जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम समाज प्रमुख पंच पद परदेशी राम सिन्हा को नियुक्त किया गया है। वहीं गजेन्द्र सिन्हा को समाज क्षेत्राधिकारी मनोनित किए गए हैं। नवनियुक्त ग्राम प्रमुख कलार समाज छुईहा परदेशी सिन्हा ने इस दायित्व पर आगे सबकी सहयोग की अपेक्षा की है। मेरा हर प्रयास रहेगा कि समाज के विश्वास पर खरा उतरूंगा।

### 21 दिवसीय रोग निवारण योग शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में रोग निवारण शिविर का आयोजन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गार्डन में 20 अक्टूबर से 16 नवंबर तक किया जा रहा हीहै। शिविर का शुभारंभ राज्य कार्यकारिणी महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ हेमलता साहू ने किया। मुख्य रूप से सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म प्राणायाम, रोग संबंधी प्राणायाम बताया गया। शिविर के उद्देश्य के तहत जिले को निरोग बनाने हेतु संकल्प लिया गया। पतंजलि योग समिति के महामंत्री जिला पूनम पटले के नेतृत्व में इस शिविर का संचालन किया गया है। जिसमें भारत स्वाभिमान न्यास के महामंत्री रमेंश राय, किसान सेवा समिति के अध्यक्ष केशव देवांगन और महामंत्री राजेंद्र वर्मा, जया साहू, सुमन यादव, दीपिका निषाद, सीमा सगरवंशी, प्रीति ध्रुव, पुष्पा तारक, पुष्पा तारक आदि शामिल हुए।

### आमाकोनी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर कल

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमाकोनी स्थित विश्रामगृह में निःशुल्क चिकित्सा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके आयोजक पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव हैं। जिनके सौजन्य से रायपुर के गणेश विनायक आई हॉस्पिटल की टीम खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमा कोनी पहुंच रही है। जिनके द्वारा 24 अक्टूबर को आमाकोनी स्थित रेस्ट हाउस में आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी।

**आयोजन :** रक्तदान, सिकलिन व आयुष्मान कार्ड पर लगा विशेष शिविर

# शिविर में 49 यूनिट रक्त एकत्रित, 76 के सिकलिन परीक्षण में 11 पॉजीटिव मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में रक्तदान व सिकलिन परीक्षण व आयुष्मान कार्ड के लिए विशेष शिविर का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। शिविर में 49 यूनिट रक्तदान किया गया। इसके अलावा 76 सिकलिन परीक्षण किया गया जिसमें 11 लोगों की जांच पॉजीटिव पायी गयी। साथ ही इस अवसर पर 52 आयुष्मान स्वास्थ कार्ड भी बनाया गया। इस शिविर में उपप्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. राजेश श्रीवास, डॉ. पूनम सिंह, प्रो. लेखराम साहू, प्रो.जेएल गायकवाड़, प्रो.लोमश साहू उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी नेवल व आर्मी के सैकड़ों स्वंय सेवक की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉक्टर एसएन पाण्डेय, डॉ. तेजेन्द्र साहू, मनमोहन अग्रवाल डॉ. राजेन्द्र गदिया, देवेंद्र साहू, रामअवतार यदु, रमेश पहाड़िया, अशोक गंगवाल, भावना अग्रवाल, डॉ. शोभा गावरी की उपस्थिति में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शासी निकाय के सहसचिव डॉ. राजेंद्र गदिया ने कहा कि रक्तदान महादान है तथा रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है।






### रक्तदान महापुण्य का कार्य : डॉ. पाण्डे

डॉ. एसएन पाण्डे ने इस विशेष अवसर पर कहा कि हमारे सिर से पैर तक आवश्यक तत्व रक्त के माध्यम से पहुंचता है। रक्तदान महापुण्य का कार्य है। ऐसे में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय की भूमिका अग्रणी रही है साथ ही ऐसे समस्त संस्थायें जो रक्तदान शिविर आयोजित करवाती है या रक्तदान के लिए जागरूकता फैलाने का काम कर रही है वह सराहनीय है। रक्तदान शिविर संयोजक डॉ. आर के रजक ने बताया कि इस रक्तदान महादान शिविर में डॉ. शोभा गावरी एसके पांडेय, डॉ. डीपी निर्मलकर, डिगेश साहू, रामावतार यदु, महेश देवांगन, डाली साहू, अभिषेक साहू शामिल थे।

# तीन दिव्यांग विवाहित जोड़ों को दिया 50-50 रुपए का चेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल की संवेदनशीलता एवं तत्परता से तीन दिव्यांग विवाहित जोड़ो को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ मिल गया है। कलेक्टर ने आज तीनों दम्पत्तियों को 50-50 हजार रूपये की चेक राशि प्रदान किया। साथ ही उन्हें वैवाहिक जीवन खुशहाली के साथ बिताने की शुभकामनाएं भी दी। शासन की योजना के तहत प्रोत्साहन राशि मिलने से तीनों विवाहित जोड़ों ने खुशी जताते हुए राज्य शासन एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल का आभार जताया। दरअसल जनपद पंचायत फिगेश्वर अंतर्गत ग्राम कुम्ही निवासी दृष्टि बाधित दिव्यांग विजय कुमार टण्डन की विवाह ज्योति, ग्राम बिजली निवासी श्रवण बाधित दिव्यांग चोवा राम निषाद की विवाह सती निषाद एवं ग्राम हाथबाय निवासी श्रवण बाधित दिव्यांग रूपेश निषाद की विवाह तामिन निषाद से हुई है। तीनों जोड़ों ने समाज कल्याण विभाग के जिला कार्यालय में प्रोत्साहन राशि के लिए आवदेन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के संज्ञान में आने पर उन्होंने आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हितग्राहियों को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देशानुसार आवेदनों के निराकरण के लिए आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण कर तीनों दिव्यांग जोड़ो को प्रोत्साहन राशि जारी कर दिया गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वयं तीनों को चेक राशि प्रदान कर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बीएड कॉलेज जामगांव में प्रशिक्षार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय, जामगांव में बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के द्वारा आगामी दीपावली पर्व के पावन अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की संचालिका उषा शर्मा के द्वारा माँ सरस्वत्ती की छायाप्रति पर दीप प्रज्जवलित कर माँ सरस्वती की वंदना से प्रारंभ किया गया। उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत छात्राओं के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गीत, कविता, सामूहिक सुवा नृत्य, गौरी–गौरा झांकी, राउत नाचा की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसकी लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रध्यापिका तेजस्वी सिन्हा एवं हर्षिता सिन्हा के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय साहू, सहायक प्राध्यापक विजय कुमार सिन्हा, सहायक प्राध्यापिका शांति बारले, सहायक प्राध्यापक सिद्धांत पोद्दार एवं प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में तर्रा विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)



ग्राम पिपरहट्ठा(छुरा) में नवयुवा क्रांति समिति एवं समस्त ग्रामवासीयों के द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय मेट कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता 19 अक्टूबर को शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा फिता काट कर किया गया और मैच का शुभारंभ देर रात्रि तक खेला गया। जिसमें राज्य के 29 टीम ने भाग लिया और दूसरे दिन रविवार को मैच चलता रहा। जिसका फाइनल मैच देर रात्रि तक चला इस कबड्डी प्रतियोगिता का समापन रविवार रात्रि फाइनल मैच के साथ हुआ। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता पर तर्रा टीम ने कब्जा जमाया। फाइनल मैच ठोंगा व तर्रा के बीच खेला गया। और तर्रा टीम ने 19-17 के अंतर से कप को अपने नाम कर लिया। तर्रा टीम ने 19 अंक प्राप्त किया। वहीं ठोंगा की टीम 17 अंक ही प्राप्त कर सकी। इससे पहले दो सेमीफाइल का मैच खेला गया। पहले सेमीफाइनल का मैच तर्रा और खुड़ीयाडीह (डोंगरी पारा) के बीच खेला गया। इसमें तर्रा टीम ने जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनायी। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच ठोंगा व खुड़ीयाडीह (तरिया पारा) के बीच खेला गया। काफी रोमांचक मुकाबले के बीच ठोंगा टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह सुनिश्चित की। देर रात तक चले इस कबड्डी मैच में दर्शकों की भीड़ भी डटी रही। खिलाड़ियों के रेड व टीम की लीड पर दर्शकों की तालियां गूंजती रही। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन को दर्शकों की भीड़ चीयर्स भी करती रही। विजेता व उप विजेता टीम को आयोजक नवयुवा क्रांति समिति के द्वारा कप व नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए , द्वितीय 7001 रुपए, तृतीय 5001 रुपए, चतुर्थ 3001 रुपए दिया गया। इसके अलावे बेस्ट रेडर का पुरस्कार रमन ध्रुव एवं बेस्ट ऑल राउंडर का पुरस्कार डायमंड साहू, बेस्ट केचर सत्या नागेश को दिया गया। मौके पर तिजराम कमार, विष्णु राम नागेश, रिखीराम यादव, वरिष्ठ पत्रकार तेजराम ध्रुव, रुपसिंग साहू, देवलाल साहू, महेश राम साहू, गोपाल राम सोनकर, जहिब कुरैशी, टिकम साहु, तोमस, संतोष नायक, विष्णु दिवान, संतोष दिवान, गुलाब नागेश, आयोजक समिति के सभी सदस्य आदि मौजूद थे।

# शिक्षक-पालक बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल बकली में शिक्षकों एवं पालकों के मध्य तिमाही परीक्षा के लिए मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों की तिमाही परीक्षा परिणाम दर्शन के आधार पर परीक्षाफलों के साथ सुधारात्मक फीडबैक एवं छात्रों की बेहतरी के लिए बताया गया। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सेन, सरपंच करेलिया कुर्रे, धर्मेंद्र ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, प्रीतम बंजारे, दिनेश साहू, कामता साहू, श्यामाचरण साहू, विजय भारती, प्रधानपाठक मनहरण यदु, सुधीर साहू, सरोज सेन, पुष्पांजलि तिवारी, डोमिन निर्मलकर उपस्थित थे।

### तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना जारी

**रसेला।** प्राथमिक लघु वनोजप सहकारी समिति रसेला के प्रबंधक केशव यादव ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के विद्यार्थियों के लिए जारी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी देते हुए बताया कि संग्राहक परिवार के बच्चों के लिए गैर व्यवसायिक स्नातक शिक्षा के लिए अनुदान योजना प्रारंभ किया गया है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति में प्रत्येक वर्ष तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया के पुत्र-पुत्री एक छात्र व छात्रा का चयन किया जाएगा और किसी भी राज्य व केन्द्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी स्नातक गैर व्यवसायिक कोर्स, बीए, बीकाम, बीएससी में प्रवेश लिया हो विद्यार्थी को प्रथम वर्ष 5 हजार, द्वितीय वर्ष 4 हजार और तृतीय वर्ष 3 हजार रूपए की अनुदान राशि उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्रा के माता पिता व परिवार के सदस्यों द्वारा लगातार तीन वर्ष में दो वर्ष अंतर्गत 5-5 सौ तेंदूपत्ता गड्डी का संग्रहण करना अनिवार्य है तभी उक्त योजना के अंतर्गत मुखिया के बच्चों को ही छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी अलग-अलग छात्रवृत्ति योजना की संचालित किया जा रहा है जिसमें प्रतिभाशाली, मेधावी और व्यवसायिक के लिए भी योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति योजना संचालित है। प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रत्येक प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष दसवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को 15 हजार, 12 वीं में 75 प्रतिशत व उससे अधिक प्राप्त वाले छात्र-छात्राओं को 25 हजार रूपए का पुरस्कार राशि दिया जाएगा ।

# बच्चों को नियमित गृह कार्य दें पालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)



पालकों की सहभागिता उनको स्कूलों में जोड़ना स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराने के उद्देश्य को लेकर मेगा पीटिएम शासकीय माध्यमिक शाला जरगांव में प्राथमिक शाला नवाडिह के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। बैठक में बच्चों के रिपोर्ट कार्ड पालकों के समक्ष रखा गया। साथ ही बच्चों को नियमित होम वर्क देने पालकों ने कहा। बच्चों को घर में भी पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान देने की बात कही गई। संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव ने कहा कि बच्चों को नियमित स्कुल भेजें तथा उन्हें घरों में भी पालकों के द्वारा संज्ञान लिया जावे ताकि उनके स्तर में सुधार हो। पालकों को जागरूक होने की आवश्यकता है।आज के परिवेश में बच्चों को सही दिशा मार्गदर्शन की आवश्यकता है। शासन के योजना के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों के सम्पूर्ण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। तिमाही परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रदान की गई। नवोदय प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय सह साधन प्रविण्य परीक्षा, गौरव गरियाबंद, परख की जानकारी पालकों को प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मदन लाल ध्रुव, डुगेश पटेल शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, लोकनाथ साहू, विनोद कुमार साहू, द्रोपदी साहू, मंगली बाई पटेल, पेमन निषाद, महेश वर्मा, तिलकरामा राम, प्रेमनारायण ध्रुव संकुल समन्वयक, प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव, विकास शुक्ला, अविनाश वर्मा, रामेश्वरी माझी, रामबती ध्रुव, डिगेश्वरी दिवान, रामाधार साहू, आदि उपस्थित थे।

**कृषक समृद्धि चौपाल में किसानों को चना, गेहूं व सरसों लगाने किया प्रोत्साहित**

# धान के बदले अन्य फसल लें : कृषि अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



जिला प्रशासन के निर्देशन में जल संरक्षण करने के लिए विकासखंड के सभी पंचायतों में किसानों को फसल परिवर्तन करने के लिए कृषि एवं उद्यान मत्स्य विभाग द्वारा कृषक समृद्धि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम सोमवार को आगामी ग्रीष्मकालीन धान फसल के बदले दलहन, तिलहन, चना, गेहूं सरसों, अलसी, मूंगफली, रागी फसल लगाने के लिए ग्राम पंचायत में कृषक समृद्धि चौपाल आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग रोमन लाल ठाकुर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, उद्यान विभाग सुनील कुमार साहू उद्यानिकी अधिकारी एवं कृषक उत्पादक संगठन समिति के उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य सुखवती टांडे की उपस्थिति में कृषक समृद्धि चौपाल किया गया। जिसमें कृषि अधिकारी रोमन ठाकुर ने आगामी रबी एवं ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन तिलन एवं गेहूं मक्का मडिया, मूंगफली, फसल लगाने के लिए किसानों को जानकारी देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसानों को बताया कि इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य फसल विविधीकरण अपना कर जल शक्ति एवं मृदा शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। किसान अगर एक एकड़ में धान फसल न लगाकर अन्य फसल लगाए तो कम पानी में भी उत्पादन लिया जा सकता है। जनपद सदस्य टांडे ने उपस्थित किसानों को पीएम कृषक उत्पादन संगठन से जुड़ने की अपील की है जिससे किसान अपना उत्पाद को विक्रय करने में कृषक उत्पादक संगठन सहयोग मिलेगा। किसान आगामी गर्मी में धान फसल को छोड़कर अन्य फसल लगाएंगे जिससे किसानों को कम पानी में अन्य फसल में आमदनी ज्यादा और सबसे मुख्य चीज भूमिगत जल संरक्षण होगा। नर्सरी विभाग के अधिकारी सुनील कुमार साहू ने उपस्थित किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले सब्जियों उन्नत खेती कर ग्रीष्म कालीन धान से ज्यादा लाभ कमा सकते है। कृषि अधिकारी ने सरकार की संचालित योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक धान के बदले अन्य फसल लगाने की अपील की है। चौपाल में बलिराम ठाकुर, मोहन मनोहर, बाबूलाल ध्रुव, अलखराम मुकेश ज्ञान सिंह, कन्हैया यादव, प्रीतराम, सुभेलाल, महेश संतराम ध्रुव, नंदलाल साहू, चंदर यादव, अभेलाल, तुलसीराम, भानु प्रताप, ओम, प्रेमचंद, शिवराम, पंचराम, शिवकुमार सेन, अमृत हेमंत, लीलाराम, ताराचंद, उदय राम, रविसेन, केवल, तिलक महेश लक्ष्मण, धरम, हीरा केतुराम, भुवनेश्वर पुरुषोत्तम, लखन ध्रुव, उमेन्द्र सिंह, संतोष, लालाराम, दयाराम, राय सिंह, मनोहर, रामकिशोर, खुशवंत, विश्राम, पलटू राम जागेश्वर, सोनू राम, मानसिंह धनेश्वर, हृदयराम, रामसिंह राधेश्याम, हीरा सिंह, ईश्वर, तुलसराम, खेमू राज अभेलाल, बृजलाल आदि किसान उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411